सार-समाचार

शीघ्र ओवरब्रिज का कार्य की मांग

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। ओवरब्रिज बनाओ संघर्ष समिति के सदस्यों ने जिला कलक्टर एवं नगर निगम आयुक्त से भीलवाड़ा शहर की सबसे बड़ी ट्राफिक जाम की पुरानी समस्या से निजात दिलाने के लिए शीघ्र ओवरब्रिज निर्माण का कार्य शुरु करवाने एवं ओवरब्रिज बनने की समयसीमा तय करने की मांग की है। समिति सदस्यों ने राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत को पत्र लिखकर वर्ष 2017 में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से पूर्व ही तत्कालीन छः अधिकारियों द्वारा जिन्दल से मिलीभगत कर भीलवाड़ा की पिछले अनेक वर्षो से चली आ रही ट्राफिक जाम की समस्या को नजरअंदाज करते हुए बैठक में अण्डरपास को सहमति देकर जिन्दल एवं नगर परिषद के बीच ओवरब्रिज बनाने को लेकर हुए रजिस्टर्ड एठीमेन्ट में उल्लेखित ओवरब्रिज पर चर्चा नहीं करने एवं भीलवाड़ा की ट्राफिक जाम की समस्या को स्थाई समस्या बना देने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। समिति सदस्य लक्ष्मीनारायण डाड, दुर्गेश शर्मा, उम्मेदसिंह राठौड़, बाबूलाल जाजू, महेश सोनी, ओम कसारा, पारस मोगरा, सत्यनारायण विश्नोई, नेमकुमार सिंघवी, अशोक मूंदडा, सीताराम खटीक ने जिला प्रशासन से शीघ्र ओवरब्रिज संबंधी कागजी कार्यवाही पूर्ण करवाते हुए ओवरब्रिज बनाने की समयसीमा तय कर जनता को ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाएं। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी जिन्दल सॉ लि. द्वारा पानी लेने के बदले जनहित के अनेक कार्यों का रजिस्टर्ड अनुबंध करने के बावजूद एक भी कार्य सही तरीके से नहीं किया है।

कुंभ स्नान कर पुष्कर पहुंचे मंत्री चौधरी

अजमेर, (कासं)। केंद्रीय कृषि कल्याण मंत्री भागीरथ चौधरी के निर्देशन में बड़ी तादाद में भाजपा कार्यकर्ता और भक्तों ने कुंभ स्नान के बाद जगत पिता ब्रह्मा के सरोवर में आस्था की डुबकी लगाई। कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी ब्रह्म घाट पर पहुंचने पर पुष्कर भाजपा मंडल भुवनेश पाठक, पूर्व उपसभापति शिव स्वरूप महर्षि, भाजपा नेता अरुण वैष्णव, पुष्कर नारायण भाटी, पूर्व पार्षद धर्मेंद्र नागोरा, महेंद्र सिंह खंगारोत, भाजपा नेता अशोक पाराशर समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल ढमाकों के साथ मंत्री भगीरथ चौधरी स्वागत कर उनकी अगवाई की ।1300 से ज्यादा भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रयागराज में कुंभ स्नान धार्मिक फल प्राप्ति की मनोकामनाये करते हुए जगतकल्याण की कामना की। बता दे की 20 फरवरी को भागीरथ चौधरी ने स्पेशल ट्रेन के माध्यम से अजमेर से प्रयागराज कुम्भ स्नान के लिए ट्रेन यात्रा से 1300 ज्यादा भाजपाई 21 फरवरी को कुंभ स्नान कराया। इसके बाद 23 फरवरी रविवार को धार्मिक यात्रा के तहत पुष्कर पहुंचकर पुष्कर भाजपा कार्यकर्ताओं के सानिध्य में ब्रह्म सरोवर पर जगत पिता ब्रह्मा के पुष्कर सरोवर में स्नान एव पूजा अर्चना कर जगत कल्याण की मनोकामना की।

दाधीच पदाधिकारियों का अभिनन्दन

मेड़ता सिटी, (निसं.)। रविवार को महर्षि दधीचि जन कल्याण संस्थान के नवनियुक्त युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष विजेश दाधीच और युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव अनुराग रिणवा व बजरंगलाल ककड़ा का मेड़ता शहर में आगमन पर श्री दाधीच समाज सेवा समिति मेड़ता सिटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शानदार स्वागत किया। समिति के सचिव महेश कुमार शर्मा ने बताया कि समिति के अध्यक्ष श्याम सुन्दर दाधीच के गांधी नगर कॉलोनी स्थित आवास पर महर्षि दधीचि जन कल्याण संस्थान के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया वहीं बैठक का भी आयोजन हुआ जिसमें समाज के युवाओं को समाज हित में संस्थान त्र्के जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया तथा महर्षि दधीचि जन कल्याण संस्थान के उद्देश्य बताए गए! सभी दाधीच समाज मेड़ता वासियों ने संस्थान द्वारा गांव गांव मे भगवान महर्षि दधीचि नारायण की 108 मूर्ति लगान के कार्यक्रम की सराहना करते हुए अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में उपस्थित दाधीच समाज सेवा समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर दाधीच, संरक्षक श्याम सुंदर सोमानी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर डॉ भवानीशंकर बोरायड़ा, प्रदीप दाधीच, धीरज व्यास, घासीराम रतावा, प्रदीप व्यास, अशोक तिवाड़ी, विवेकानंद तिवाड़ी प्रवीण व्यास, संजय व्यास, लोकेश व्यास, पवन तिवाड़ी, इंद्र चंद्र तिवाड़ी, ऐडवोकेट नंदकिशोर व्यास, एडवोकेट मुकेश जी व्यास मिथलेश जोपट, रामकृपाल शास्त्री, रामगोपाल व्यास, राजेंद्र व्यास सहित अनेक समाज बंधु भी उपस्थित थे।

पुलिस ने एचबीएस गैंग का लीडर पकड़ा

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। जिले की मांडल थाना पुलिस ने आतंक का प्रयाय बनी गैंग के लीडर गोपाल गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की गिरफ्तारी हरियाणा पुलिस से मारपीट के मामले में हुई है। मांडल पुलिस ने बताया कि हरियाणा के सिरसा जिले के मौजदीन निवासी हुकमचंद कम्बौज ने 21 अप्रैल 24 को थाने में रिपोर्ट दी कि वे, बी कंपनी 3 आईआरबी सुनारिया, रोहतक में सब इंस्पेक्टर हैं। 20 अप्रैल को कंपनी के जवानों की बस लेकर चित्तौड़गढ़ चुनाव ड्यूटी के लिए जा रहे थे। रात करीब साढे ग्यारह बजे भीलवाडा बाईपास से आगे आर्शीवाद होटल पर खाना खाने के लिये रुके थे। खाने का हिसाब करने के बाद काउंटर पर बैठे व्यक्ति से बातचीत कर रहे थे कि 08-10 व्यक्तियों ने जवानों पर हमला बोल दिया। जवान बीच-बचाव कर बस में घुसे तो बस पर भी इन लोगों ने पथराव कर दिया। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। इस मामले में 10 आरोपित पूर्व में गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि मुख्य आरोपित जीपियाखेड़ी निवासी गोपाल गुर्जर 36 पुत्र काना गुर्जर फरार था, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने 10 हजार रुपये का ईनाम भी घोषित कर रखा था। पुलिस ने बताया कि गोपाल एचबीएस गैंग का लीडर भी है। आरोपित पर छह प्रकरण दर्ज पुलिस ने बताया कि आरोपित गोपाल गुर्जर के खिलाफ पूर्व में तीन प्रकरण मांडल, जबकि प्रतापनगर, पुर व करेड़ा में एक-एक प्रकरण दर्ज हैं। इसमें राजकार्य में बाधा उत्पन्न करने, जानलेवा हमले, गंभीर मारपीट के मामले शामिल हैं।

उमेश चौरसिया को बाल साहित्य सम्मान

अजमेर, (कासं)। लोकप्रिय बाल साहित्यकार उमेश कुमार चौरसिया को इंडिया नेट बुक्स के 'राष्ट्रीय बाल साहित्य रत्न सम्मान' से नवाजा जाएगा। इंडिया नेटबुक्स बीपीए फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ संजीव कुमार ने बताया कि चौरसिया के बाल साहित्य के क्षेत्र में बीस से अधिक वर्षों के समृद्ध अवदान के लिए यह सम्मान दिया जा रहा है। विविध श्रेणियों में दिए जाने वाले ये राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान नई दिल्ली में होने वाले 'साहित्यकार सम्मान उत्सव 2025' में प्रदान किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि पूर्व में साहित्य अकादमी के शंभूदयाल सक्सेना बाल साहित्यकार सम्मान से पुरस्कृत उमेश चौरसिया ने बाल साहित्य की 27 कृतियों की रचना की है। इनमें राष्ट्रीय पुस्तक न्यास से मेधावी नरेंद्र, प्रकाशन विभाग भारत सरकार से सबसे न्यारा गोलू, विवेकानंद केंद्र हिंदी प्रकाशन विभाग से लक्ष्य की ओर, निवेदिता एक समर्पित जीवन व विवेकानंद के बाल्यकाल की कथाएं, बाल साहित्य अकादमी से चयनित बाल नाटक और राजस्थानी भाषा साहित्य अकादमी से मोनू रो जनम दिन अधिक लोकप्रिय हुई हैं। कुछ पुस्तकें अनेक राज्यों के समग्र शिक्षा एवं प्राथमिक शिक्षा पाठ्यक्रम में भी शामिल हैं।

जूनियर ने सीनियर को विदाई दी

पुष्कर, (निसं.)। पाराशर शिक्षा निकेतन माध्यमिक विद्यालय का विदाई समारोह उत्साह पूर्वक मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत पत्रकार दिनेश पाराशर, अनिल पाराशर ने सरस्वती मां के सामने दीप प्रज्वलित करके की। इसके शाला प्रधान कमला पाराशर ने बताया की पत्रकार दिनेश पाराशर पत्रकार अनिल पाराशर ने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। इस अवसर पर बच्चों द्वारा शानदार रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी जाएगी। स्कूल के संस्था प्रधान कमल पाराशर ने बताया कि कक्षा दसवीं के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमें जूनियर बच्चों द्वारा तिलक लगाकर ओर माला पहनाकर सीनियर बच्चों को विदाई दी इस अवसर पर बच्चों के द्वारा शानदार रंगारंग कार्यक्रमो की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का संचालन चिंकी पाराशर ने किया। शाला समिति की संयोजक ज्योति पाराशर ने सभी का आभार प्रगट किया।

अरांई में उपमुख्यमंत्री बैरवा का स्वागत

अरांई, (निसं.)। उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा पाण्डवाड़ा जाते समय कुछ देर के लिए अरांई रूके। यहां तहसील चौराहा पर ग्रामीणों तथा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत अभिनन्दन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें जनमस्याओं से रूबरू करवाकर निस्तारण करने की मांग की। ग्रामीणों ने फसल बीमा का मुआवजा नहीं मिलने सहित अन्य समस्याओं से अवगत करवाया। इस दौरान जतन चौधरी, रामराज चांगल सांदोलिया, गोपाल प्रजापत, विश्राम घासल, प्रकाश गवारिया, महिपाल शर्मा, गोपाल मेघवंशी, विश्राम गुर्जर सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारें : दिया कुमारी

अजमेर, (कासं)। उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री दिया कुमारी ने रविवार को अधिकारियों के साथ बैठक लेकर बजट घोषणाओं की समीक्षा की। इन घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए। प्रभारी सचिव गायत्राी राठौड़ एवं जिला कलक्टर लोक बंधु ने बजट घोषणााओं पर हुई कार्यवाही से अवगत कराया। केन्द्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी, विधायक अनिता भदेल, रामस्वरूप लाबा एवं वीरेन्द्र सिंह कानावत ने क्षेत्रा का फीड बैक दिया।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि सरकार ने समावेशी विकास एवं सर्वजन हिताय वाला बजट प्रस्तुत किया है। इससे आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के लिए ग्रीन ग्रोथ पर फोकस किया गया है। यह बजट राजस्थान को 2047 तक विकसित राजस्थान बनाने की दिशा में आगे लेकर जाएगा। बजट घोषणाएं राज्य के प्रत्येक वर्ग की उन्नति सुनिश्चित करने के लिए की गई है। इनके क्रियान्वयन की समीक्षा करने के लिए अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। जिला स्तर से इसकी साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक में अजमेर जिले से संबंधित बजट घोषणाओं की विभागवार समीक्षा हुई। वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं को मूर्त रूप देने के लिए तत्काल भूमि आवंटित करें। देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय पीसांगन के लिए भूमि आवंटन किए जाने के पश्चात अन्य कार्यो के लिए भी मार्च के प्रथम सप्ताह तक समस्त भूमि आवंटन सम्बन्धी कार्य पूर्ण हो जाने चाहिए।

खोड़ा गणेश मन्दिर को गगवाना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 से डबल लेन के माध्यम से जोड़ने के लिए अवाप्त योग्य भूमि का चिह्निकरण करें।

उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान के अनुसार निर्धारित सेक्टर रोड़ में से बजट घोषणा का कार्य करने के लिए प्राथमिकता के अनुसार सेक्टर रोड़ का चिह्निकरण करें। इनके प्रस्ताव आगामी 10 दिवस में भिजवाए जाए। अजमेर शहर के प्रवेश द्वार पर एण्ट्री प्लाजा के निर्माण के लिए अजमेर विकास प्राधिकरण को कार्यकारी संस्था बनाया गया है।

उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए समस्त विभाग राज्य स्तरीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य की गति बढ़ाएंगे। पुष्कर तीर्थ क्षेत्रा विकास के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। इसके लिए पूर्व में की गई घोषणाओं के अलग-अलग कार्यों के प्रस्ताव बनाकर भिजवाए जाए। श्री अन्न के आउटलेट नगरीय निकायों में खोलने के प्रस्ताव तैयार किए जाए। उन्होंने बैठक में वर्ष 2024-25 में की गई बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की भी समीक्षा की। भूमि आवंटन हो चुके कार्यों के लिए आवश्यक बजट प्राप्त करने के लिए उच्चाधिकारियों के साथ लगातार सम्पर्क में रहें। बजट प्राप्त अप्रारम्भ कार्यो को तत्काल आरम्भ करें। पूर्ण हो चुके कार्यों की जनउपयोगिता सुनिश्चित करने के लिए विभागीय निर्देशो के अनुसार कार्य किया जाना चाहिए।

केन्द्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी ने किशनगढ़ में नये बस स्टैण्ड के अतिरिक्त रेलवे स्टेशन के पास रोडवेज बस स्टॉप बनाने के लिए कहा। इसके लिए स्थान चिह्नित किया जाएगा। इसी प्रकार किशनगढ़ एवं पुष्कर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए कार्यों की पहचान की जाएगी।

अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने विधायक एवं सांसद स्थानीय विकास कोष के माध्यम से क्षेत्रा में सीसीटीवी कैमरे लगाने की आवश्यकता बतायी। आत्मरक्षा प्रशिक्षण की उपलब्धियां सबके सामने आनी चाहिए। इसके लिए इन प्रशिक्षणों का समापन जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हो।

उन्होंने वर्ष 2024-25 की बजट घोषणाओं की विभिन्न विभागों की प्रगति की जानकारी ली और इन्हें मूर्त रूप देने के लिए गति बढ़ाने के निर्देश दिए।

बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के संबंध में भूमि आवंटन, उपलब्धता एवं चिन्हीकरण की स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर किए जाने के निर्देश दिए। बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन सरकार की प्राथमिकता में है और प्रदेश स्तर पर इसकी नियमित मोनिटरिंग की जा रही है।

इस अवसर पर अध्यक्ष जीतमल प्रजापत एवं रमेश सोनी, पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, अजमेर विकास प्राधिकरण की आयुक्त नित्या के., नगर निगम के आयुक्त देशल दान, अतिरिक्त जिला कलक्टर गजेन्द्र सिंह राठौड़, ज्योति ककवानी एवं वन्दना खोरवाल सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

रेलवे अंडर ब्रिज व ओवरब्रिज निर्माण कार्य का निरीक्षण

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को अजमेर दौरे के दौरान ब्यावर रोड़ स्थित रेलवे अंडर ब्रिज एवं ओवरब्रिज निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री ने राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम के अधिकारियों को पुलिया की उचित गहराई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे दोपहिया एवं चौपहिया वाहन सुगमता से गुजर सकें।

उन्होंने अंडरब्रिज में जलभराव की समस्या को रोकने के लिए उचित जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने को निर्देशित किया।

उपमुख्यमंत्री ने शहर के मुख्य मार्गो की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया और क्षतिग्रस्त सड़कों की त्वरित मरम्मत के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उन्होंने राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक से दूरभाष पर वार्ता कर पुलिया निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सार्वजनिक निर्माण विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य की गति को तेज करें और प्रगति रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करें ताकि आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इस अवसर पर स्थानीय विधायक अनीता भदेल, मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत, जिला कलक्टर लोक बन्धु, जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर गजेंद्र सिंह राठौड़ सहित कई विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि व लोग उपस्थित रहे।

ताश के पत्तों पर दांव खेलते 12 जने गिरफ्तार

ब्यावर, (निसं) जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एंव वृत्ताधिकारी वृत जैतारण के निकटतम सुपरविजन में जिला साइबर सैल, जिला स्पेशल टीम एवं थानाधिकारी पुलिस थाना बर मय टीम द्वारा जुआ सट्टा के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करते हुए एनएच 162 पर एम राज होटल से 12 जुआरियों को गिरफ्तार कर जुआ राशि 2,78,270/- रूपये जब्त किए।

गौरतलब है की 22.फरवरी को जिला साइबर सैल को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की बर से रायपुर की तरफ एनएच 162 जयपुर पिंडवाडा रायपुर टॉल के पास एम. राज होटल के कमरे में 08-10 व्यक्ति ताश के पत्तो पर रूपये पैसो हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। जिनके पास मोटी जुआ राशि मिल सकती है।

सूचना विश्वसनीय होने पर जिला साइबर सेल, जिला स्पेशल टीम व थानाधिकारी पुलिस थाना बर मय टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुताबिक बताये स्थान पर पहुंच कर होटल एम राज के कमरो की तलाशी ली गई तो एक कमरे मे 12 व्यक्ति एक साथ गोल टेबल पर बैठ कर ताश के पत्तो पर रूपये पैसो से हार जीत का दांव लगाकर खेलते मिले। जिस से एक व्यक्ति को अनुचित लाभ और दूसरे व्यक्ति को अनुचित हानि होना राजस्थान जुआ अधिनियम का अपराध होने से उक्त 12 व्यक्तियों को गिरफ्तार किये जाकर कुल जुआ रकम नगद 2,78,270/- रूपये नय ताश के पत्ते जब्त करने में सफलता मिली। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में जिला साइबर सैल की विशेष भूमिका रही।

मुल्ज़िमों में अमित कुमार पुत्र राजुराम जाति हरिजन उम्र 40 साल निवासी मकान नम्बर 15 नेहरू कॉलोनी पीपाड सिटी, शेरूदीन पुत्र ईबू खां जाति लौहार मुसलमान उम्र 42 साल निवासी बोरून्दा, समीर मुहम्मद पुत्र जमालुद्दीन जाति घोसी मुसलमान उम्र 45 साल निवासी बोरून्दा, मकसुर अली पुत्र शरफराज अली जाति बिसायति मुसलमान निवासी बस स्टेण्ड के पिछे बिलाडा, अमीन पुत्र शाबीर जाति तेली मुसलमान उम्र 32 साल निवासी पिपाड सिटी, मोहम्मद ईमरान पुत्र मोहम्मद जाति तेली मुसलमान उम्र 32 साल निवासी पिपाड सिटी, दिनेश पुत्र पुखराज जाति माली उम्र 35 साल निवासी मालीयो की धूण पिपाड सिटी, मोहम्मद युसुफ पुत्र नुर मुहम्मद जाति मुसलमान उम्र 30 साल निवासी बोयल रोड पिपाड सिटी, इन्द्रसिंह पुत्र गणपतलाल जाति माली उम्र 35 साल निवासी न्यू बस स्टेण्ड पिपाड सिटी,

ओमप्रकाश पुत्र रतनलाल जाति माली उम्र 40 साल निवासी जैतारण, शरीफ शाह पुत्र मोहम्मद बाबु जाति फकीर उम्र 51 साल निवासी निहारीयो का मोहल्ला जैतारण, राकेश सोनी पुत्र श्री ओमप्रकाश सोनी जाति सोनी उम्र 29 साल निवासी देवरिया आदि थे। राजदीपेन्द्र सिंह थानाधिकारी बर की पुलिस टीम में लोकेश मीणा स.उ.नि रिजर्व पुलिस लाईन,हेड कांस्टेबल नन्द किशोर सिंह,जितेन्द्र सिंह,रणजीत सिंह और कांस्टेबल मांगीलाल,सुशील टोगस ,भवानीसिह ,राजुराम आदि थे।

तीन करोड़ पैंतालीस लाख रुपए के कार्यो का शिलान्यास

अजमेर, (कासं)। अजमेर दक्षिण की विधायक अनिता भदेल ने रविवार को दक्षिण विधानसभा में तीन करोड पैंतालीस लाख रुपए के विकास कार्यो का शिलान्यास किया।

विधायक भदेल ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 करोड 35 लाख रुपए की लागत से श्रीनगर रोड एवं राजा साईकिल चौराहा से नाका मदार तक मुख्य सड़क उन्नयन मय नाला निर्माण कार्य व जोन्सगंज एलसी-50 स्थित हनुमान मंदिर से नारीशाला पम्प हाउस तक 1 करोड 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क के नवीनीकरण कार्य का पूर्जा अर्चना के साथ शिलान्यास किया। क्षेत्रवासियों एवं व्यापारी संघ ने विधायक भदेल का आभार व्यक्त किया। इस शिलान्यास समारोह में क्षेत्रीय जनता एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

भदेल ने भजनलाल सरकार का आभार व्यक्त करते कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से क्षेत्रीय विकास कार्यों के प्रति प्रतिबद्ध रही है और भजनलाल सरकार का उद्देश्य जनता को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है, ताकि सभी स्तर पर विकास कार्य कर सुधार हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि दक्षिण विधानसभा में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। विकास कार्यो की यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि नाका मदार की सडक को चौडा करने से क्षेत्रवासियों की यातायात समस्या को दूर होगी साथ ही मार्ग के चौड़ा होने से स्थानीय लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिलेगी और यातायात सुगम बनेगा। इसके आवागमन अधिक सुविधाजनक हो जायेगा, लोगों के समय की बचत होगी साथ ही दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी।

विधायक भदेल ने इस विकास कार्य के महत्व को बताते हुए कहा कि कई बार स्थानीय लोग इस रोड की संकीर्णता की वजह से परेशान होते थे। अब जब यह रोड चौड़ा होगा, तो क्षेत्रवासियों को न केवल बेहतर यातायात की सुविधा मिलेगी, बल्कि आसपास के व्यापारिक और आवासीय क्षेत्रों में भी विकास के नए अवसर पैदा होंगे। भदेल ने बताया कि वार्ड नं. 55 एवं 56 में लंबे समय से नाला नही होने से जलभराव की समस्या बनी रहती थी, जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। नाले के निर्माण से ना केवल जलभराव की समस्या का समाधान होगा, बल्कि क्षेत्र की सफाई व्यवस्था में भी सुधार होगा। नाले के निर्माण कार्य से न केवल जलनिकासी की समस्या का समाधान होगा, बल्कि क्षेत्र के वातावरण की स्वच्छता भी बनी रहेगी। इससे क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी। मंच संचालन गौरव उपाध्याय ने किया।

कार्यक्रम में झलकारी बाई मण्डल अध्यक्ष व वार्ड 55 के पार्षद रजनीश चौहान, पार्षद वार्ड 55, अंजना शेखावत, मण्डल महामंत्री संतोष मोर्य सुन्दर टांक, संदीप माखीजानी नितेश आत्रे, पवन बैरवा, सीमा गोस्वामी, बीना टांक, रेनु शर्मा, सन्नी नारनोलिया, कृष्णा सोनी, तारा राजपुरोहित, लवनीश, महेन्द्र भाटी, हारु, लक्की बना, महावीर बना, मोहन राजोरिया, रवि कच्छावा, हेमांश सेठी, ज्ञानचंद सकरवाल, रेवती प्रसाद, इन्द्रवीर सिंह चुण्डावत, नीरज गौड, विनोद बागोरिया, चेतन माली, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

सलोनी किन्नर ने का सम्मान किया

अजमेर, (कासं)। अखिल भारतीय किन्नर महासम्मेलन की संयोजक अजमेर की गददीपति सलोनी किन्नर के द्वारा अजमेर में किन्नर महासम्मेलन का आयोजन करके अजमेर की शान बढ़ाई तथा अन्य स्थानो के व्यापारियों को भी व्यापार करने का अवसर प्रदान किया। उपरोक्त विचार श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी ने सलोनी किन्नर को सम्मानित करते हुए उनको साधुवाद देते हुए कही।

लालवानी ने बताया कि दस दिवसीय आयोजन के लिए सलोनी किन्नर के द्वारा किये गये प्रयासो की जितनी सराहना की जाये कम है।रमेश लालवानी ने सलोनी किन्नर के अजमेर के साम्प्रदायिक सदभाव को बनाये रखने के प्रयासों की भी सराहना की।राधा स्वामी सत्संग डेरा बाबा जैमलसिंह डेरा बयास अमृतसर से प्रकाशि आध्यात्मिक साहित्य अजमेर के गरीब नवाज मुईनुदद्दीन चिश्ति भेंट करके भी सम्मानित किया।इस अवसर पर व्यापारिक ऐसोसिएशन गंज के कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश अगन छबलानी, महासचिव दिनेश टांक, कैटरिगं ऐसोसिएशन के विष्णु सांखला, विजय यादव, काली माता मन्दिर बंगाली धर्म शाला के दिनेश गोस्वामी, चन्द्र केसवानी सहित कई जने सम्मलित थे।

बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए

नागौर, (नि.सं.)। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल तथा नागौर जिला प्रभारी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने रविवार को बजट 2025-26 को लेकर जिला परिषद सभागार में बैठक लेकर अधिकारियों के साथ बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। बैठक में खींवसर विधायक रेवंतराम डांगा,विधायक डेगाना अजय सिंह किलक जिला प्रमुख भागीरथ चौधरी, जिला प्रभारी सचिव कुलदीप रांका, जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित ,पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस जिलाध्यक्ष भाजपा रामधन पोटलिया, मेड़ता प्रधान संदीप चौधरी सहित जनप्रतिनिधिगण व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला प्रभारी मंत्री चौधरी ने विभिन्न विभागों से बजट घोषणाओं को लेकर चर्चा की और सुनिश्चित किया कि सभी योजनाओं और परियोजनाओं का समय पर और प्रभावी क्रियान्वयन हो। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट में घोषित सभी योजनाओं और परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए।

उन्होंने कहा कि जनता के हित में कार्य करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए और इसके लिए सभी विभागों को एकजुट होकर काम करना होगा। जिला प्रभारी मंत्री चौधरी ने अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने विभागों में बजट घोषणाओं के अनुसार काम में तेजी लाएं और किसी भी प्रकार की देरी या अड़चनों को तुरंत सुलझाने का प्रयास करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र तक पहुंचाने को प्राथमिकता दे। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन के कल्याण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री का यही विजन है कि सभी बजट घोषणाओं को धरातल पर जल्द से जल्द उतारा जाए। जिला प्रभारी मंत्री ने पूर्व बजट की क्रियान्विति की समीक्षा करते हुए पीएचईडी के अधिकारियों को आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए आवश्यक कार्रवाई एवं सुधार समय से पहले ही करने के निर्देश दिए जिससे कि आमजन को गर्मी में पेयजल को लेकर किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिला प्रभारी सचिव रांका ने कहा कि बजट घोषणाओं को लेकर सभी विभागाधिकारी पूर्ण गंभीरता से कार्य करें ताकि आमजन को समय पर लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने राजकीय दायित्वों का निर्वहन संवेदनशीलता और सजगता से करें और कार्यो की प्रभावी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा अनुसार आवश्यक भूमि का चिन्हीकरण समय पर कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें और भूमि चयन करते हुए आमजन कि सुविधाओं और पहुंच का ध्यान रखें. उन्होंने कहा कि कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलक्टर पुरोहित ने विभागवार विभिन्न कार्यों की प्रगति के बारे में पीपीटी के माध्यम से विस्तार से बताया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिला कलेक्टर पुरोहित ने अधिकारीयों को निर्देशित किया की वे इस दिशा में समर्पण के साथ कार्य करें और बजट घोषणाओं को समय पर पूर्ण करें।

रक्तदान किया

बिजयनगर, (निसं.)। भारत विकास परिषद् विजयनगर व कोगटा फाउंडेशन जयपुर के तत्वाधान में राजकीय उप जिला चिकित्सालय विजयनगर में रक्तदान शिविर का शुभारम्भ दुर्गा कोगटा, व मधु कोगटा ने किया। जनाना हॉस्पिटल अजमेर व अरिहंत हॉस्पिटल भीलवाड़ा की टीमों ने 81 यूनिट रक्त संग्रहित किया।

राम के जयकारों से गूंजा भामोलाव

अरांई, (निसं.)। भामोलाव में रविवार को रामधुनी मंडल भामोलाव की ओर से राम नाम संकीर्तन रामधुनी निकाली गई। भगवान राम के भजनों पर पचास से अधिक रामधुनी मण्ड़लों ने नगर परिक्रमा की। इस दौरान पूरा गांव राममय हो गया। रामधुनी में श्रृद्धालु ढ़ोलक-मजीरा के साथ भजन गाते हुए चल रहे थे। ग्रामीणों ने जगह-जगह रामधुनी के जुलसू का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। श्री हरि गौशाला व्यवस्थापक कमल मेहता ने बताया कि रामधुनी का उद्देश्य भगवान राम की भक्ति और प्रेम को बढ़ावा देना है। इससे मानसिक शांति, सामाजिक सद्भाव और आत्मिक विकास की वृद्धि होती है। रामधुनी सिद्धिविनायक गणेश मंदिर से शुरू होकर लक्ष्मीनारायण मंदिर होते हुए रामधुनी श्रीहरि गौशाला पहुंची। श्रीहरि गोशाला में हिंगलाज पीठाधीश्वर संत शंभूनाथ रावल महाराज तथा संत मधुसूदन दास महाराज ने नवीन कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके बाद गौशाला में सत्संग हुआ।

बजट घोषणाओं के शीघ्र क्रियान्वयन से मिलेगा त्वरित लाभ : बैरवा

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। राजस्थान सरकार में उप मुख्यमंत्री व भीलवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री प्रेमचन्द बैरवा ने कहा कि बजट घोषणाओं के जल्द व प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री व राज्य सरकार संवेदनशील है। बजट घोषणाओं के धरातल पर जल्द क्रियान्वयन से आमजन को इसका त्वरित लाभ मिलेगा। अधिकारी जल्द से जल्द इसकी क्रियान्विति करवाना सुनिश्चित करें।

उप मुख्यमंत्री व जिला प्रभारी मंत्री बैरवा रविवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में 2025-26 में की गई बजट घोषणाओ को जल्द क्रियान्वयन को लेकर आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बजट के तहत की गई समस्त घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए बेहद संवेदनशील हैं तथा बजट घोषणाओं को जल्द से जल्द धरातल पर उतारकर आमजन को बजट घोषणाओं से लाभान्वित करवाने का ध्येय रखते हैं। उन्होंने सभी जिला प्रभारी मंत्रियों तथा सचिवों को जिलों में भेज कर बजट घोषणाओं से संबंधित कार्यों जैसे भूमि चिन्हीकरण,भूमि आवंटन जैसे कार्यों में अधिक समय लगता है, के कार्यों में शीघ्रता लाने के लिए निरंतर इसकी मॉनिटरिंग करने के उद्देश्य से प्रभारी मंत्रियों तथा सचिवों को निर्देशित किया गया है। प्रभारी मंत्री ने बजट में की गई समस्त घोषणाओं का पीपीटी प्रेजेंटेशन देखा तथा विभागों द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जिला प्रशासन तथा विभागों से बजट घोषणाओं में भूमि चिन्हीकरण तथा आवंटन में किए गए कार्यों को लेकर निर्देश प्रदान किए। बैरवा ने सुशासन के लिए आवश्यक सभी बिंदुओं पर चर्चा की। बजट घोषणाओं के साथ ही ई-फाइल प्रणाली, फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं, सीएमआईएस, मुख्यमंत्री घोषणाओं एवं राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों की क्रियान्विति एवं संकल्प पत्र के बिन्दुओं की क्रियान्विति की समीक्षा कर केन्द्र एवं राज्य सरकार की ओर से संचालित विकास योजनाओं से आमजन को अधिकाधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए।प्रभारी सचिव विशाल राजन ने कहा कि जिला प्रशासन बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को लेकर जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या जिनका राज्य स्तर से निवारण होना है उन्हें जल्द अवगत करवाये। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने प्रभारी मंत्री व प्रभारी सचिव को गत बजट 2024-25 घोषणाओं की प्रगति के बारे में जानकारी दी व बताया कि बजट घोषणा 2025-26 के धरातल पर जल्द से जल्द क्रियान्विति के लिए संबंधित अधिकारियों को भूमि के चिन्हीकरण, आवंटन सहित अन्य आवश्यक कार्यों के लिए दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। कलेक्ट्रेट में लाभ वितरण कार्यक्रम में लगाई गई विभिन्न योजनाओं की स्टॉल्स का किया अवलोकन, लाभार्थियों को किया लाभ वितरण

उप मुख्यमंत्री बैरवा ने कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित लाभ वितरण कार्यक्रम मे विभिन्न योजनाओं की लगाई गई स्टॉल्स का अवलोकन किया। चिकित्सा, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, राजीविका, समाज कल्याण सहित कुल 18 विभागों की स्टॉल्स लगाई गई। उप मुख्यमंत्री ने स्टॉल्स का अवलोकन कर योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली साथ ही जिले के चिकित्सा, सामाजिक पेंशन सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ व मेधावी छात्राओं को स्कूटियां वितरित की गई।

बैठक में सांसद दामोदर अग्रवाल, भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी, मांडल विधायक उदयलाल भडाणा, आसींद विधायक जब्बर सिंह, मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू, महापौर राकेश पाठक, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश मेहरा व श्रीमती प्रतिभा देवतिया, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी नगर विकास न्यास सचिव ललित गोयल आदि मौजूद रहे।

फैक्ट्री रेट पर डिस्पोजेबल सामग्री मिलेगी

अजमेर, (कासं)। अजमेर के डिस्पोजेबुल सामग्री थोक विक्रेता कमलेश लोकवानी ने आगामी चेटीचंड झूलेलाल जयंती, नवरात्र सहित अन्य त्योंहार पर विक्रय की जाने वाली डिस्पोजेबल सामग्री को फैक्ट्री दर पर विक्रय करके और फ्री डिलेवरी देने की पहल की है।

इस पहल का श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ द्वारा स्वागत किया। रविवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर डिस्पोजेबुल सामग्री के थोक विक्रेता कमलेश लोकवानी ने श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के अनुरोध सहमति प्रदान करते हुए चेटीचण्ड पर उनके द्वारा डिस्पोजेबुल सामग्री का फैक्ट्री दर पर विक्रय करने की सेवाएं प्रदान करने और आवश्यकतानुसार फ्री डिलेवरी प्रबंध भी करने की जानकारी सार्वजनिक की। रमेश लालवानी, मितेश निचानी सहित कई जनों ने कमलेश की सराहना की।

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जितेंद्र सिंह पुत्र योगेंद्र सिंह ग्राम घूघरा तहसील अजमेर के वर्किंग खसरा नंबर 886 प्लाट नंबर में क्षेत्रफल 247.50 वर्गगज के भूखंड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के सम्बन्ध में आपति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी।

(उपायुक्त उत्तर)
अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक (बिजली), उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्य के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या** : मं.रे.प्र. (बि.) -28-24-25 **कार्य का नाम** : Provision of Air conditioner on hiring basis at Running room (Guard, Loco Pilot & Asst. Loco Pilot) & TTE Rest House at Marwar Junction for the period of 05 years. **अनुमानित लागत** : रू. 36,00,748/- **बयाना राशि** :रू. 72000/- **ई निविदायें बंद होने की तिथि** : 17.03.25 उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट का पता : **www.ireps.gov.in**

223-DR/25

हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें